किसान मेला
सामाजिक वानिकी एवं परि–पुनर्स्थापना क्रेन्द्र, इलाहाबाद

दिनांक 27.09.2013 दिन शुक्रवार को सामाजिक वानिकी एवं परि–पुनर्स्थापना क्रेन्द्र, इलाहाबाद द्वारा ग्राम– टेवा, मंझनपुर, कौशाम्बी में किसान मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री सी. बी. नाथ, मुख्य वन संरक्षक इलाहाबाद, विशिष्ट अतिथि श्री शिव शंकर सिंह, पुलिस अधीक्षक, कौशाम्बी, श्री पंकज त्रिपाठी उपनिदेशक कृषि, एवं डा. अजय सिंह, उपनिदेशक कृषि विज्ञान केन्द्र, कौशाम्बी थे। अन्य वक्ताओं में श्री राजीव जेटली, डी. डी. एम. नाबार्ड, डा. बी. के. द्विवेदी, निदेशक बायोबेद, डा. विनय प्रकाश यादव, कोर्डिनेटर प्रगति ग्रामोद्योग संस्थान इलाहाबाद, वैद्य श्री गंगाधर द्विवेदी, सम्पादक धनवन्तरी आयुर्वेद तथा सामाजिक वानिकी एवं पारि– पुनर्स्थापना केन्द्र की निदेशक डा. कुमुद दुबे एवं डा. बी. के. पाण्डेय, डा. अनिता तोमर, डा. अनुभा श्रीवास्तव, डा. वी. पी. पाण्डेय तथा डा. एस. डी. शुक्ला ने उपस्थित किसानों को मुख्यतः सामाजिक वानिकी, सुगंध औषधीय पौधों पर वैज्ञानिक खेती जो कि उगाये जाने वाली मुख्य फसलों के साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु की जा सकती है, पर विस्तृत जानकारी दी गई।

किसान मेले में कृषको को जानकारी देने हेतु उ.प्र. के विभिन्न स्थानों से यथा यश कृषि तकनीक, साईं ग्रामीण विकास एवं अनुसंधान संस्थान, बायोवेद संस्थान, धन्वन्तरि आयुर्वेद, उत्तर प्रदेश राज्य वन विभाग, कौशाम्बी तथा इलाहाबाद, नन्दिनी बायोटेक तथा सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापना केन्द्र, इलाहाबाद द्वारा, प्रदर्शन स्टॉल स्थापित किये गये, जिसमें कृषकों का वानिकी, कृषि वानिकी, औषधीय पौधे की खेती, बायो फर्टिलाइजर, बायोपेस्टीसाइट, बांस की खेती आदि पर विस्तार से जानकारी दी गयी तथा सम्बन्धित साहित्य भी उपलब्ध कराये गया। इसके अतिरिक्त नाबार्ड तथा राज्य कृषि विभाग की स्टॉल में किसानो हेतु चलायी जा रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं जैसे किसान क्लब, किसान क्रेडिट कार्ड, सब्सिडी आदि पर विशेष जानकारी उपलब्ध करायी गयी। सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र के वैज्ञानिको द्वारा उ. प्र. में प्रचलित कृषि वानिकी मॉडलों की जानकारी के साथ–साथ स्टॉल पर सजीव प्रदर्शन भी किया गया।

मेले में भाग लेने वाले पंजीकृत किसानों को आंवला, खैर, बबूल, बेल, यूकेलिप्टस, बांस के बीज तथा आवश्यक पैम्पलेट एवं छपी हुई सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। मेले के समापन सत्र में उपस्थित किसानों ने विशेष चर्चा में भाग लिया और अपनी समस्यायें तथा उसके निदान आदि के बारे में जानकारी ली। किसान मेले का आयोजन अध्यक्ष डा. कुमुद दुब, आयोजक सचिव डा. अनिता तोमर, और संचालन डा. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मेले के सफल आयोजन में श्री आलोक पाण्डेय, डा. शिव महेन्द्र सिंह, श्री वरून कुमार मौर्य, श्री आशुतोष कुमार, श्री संदीप कुमार त्रिपाठी एवं श्री प्रवीण त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा।

उदघाटन समारोह

सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र,इलाहाबाद
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,भारत सरकार नई दिल्ली
3/1 लाजपतराय रोड नया कटरा,इलाहाबाद पिन-211002,फोन-0532-2440796

किसान मेला

किसान मेला

दिनांक-27 सितम्बर 2013
सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र,इलाहाबाद
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,भारत सरकार नई दिल्ली
3/1 लाजपतराय रोड नया कटरा,इलाहाबाद पिन-211002,फोन-0532-2440796

किसान मेला
दिनांक-27 सितम्बर 2013
सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र,इलाहाबाद
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,भारत सरकार नई दिल्ली

किसान प्रदर्शनी

किसान मेला

नन्दिनी
Natural

यश कृषि तकनीकी एवं विज्ञान केन्द्र
तेलियरगंज, इलाहाबाद
(An ISO 9001: 2008 certified NGO and IMO approved products)

पेड़-पौधों का करो सम्मान, ये हैं ईश्वर के वरदान।
सुरक्षित पर्यावरण एवं समृद्ध

वक्तव्य

किसान मेला
ग्राम-टेंवा,मंझनपुर,उ.प्र.
दिनांक-27 सितम्बर 2013

सितम्बर 2013
पिन-211002,फोन-0532-2440796

सितम्बर 2013
पिन-211002,फोन-0532-2440796

प्रतिभागी किसान